# शासकीय कार्यालयों पर लाखो करोडों का बिजली बिल बकाया विभाग मेहरबान

बड़वाह---बडवाह विधानसभा 33 सरकारी विभागों पर पावर कॉरपोरेशन का 5 करोड 85 लाख 79 हजार 894रुपये का बिजली बिल बकाया है।इसमें जनपद पंचायत विकासखंड ब?वाह पर सर्वाधिक 4 करो? 60 लाख 63हजार 088 रुपये का बकाया शामिल है।जबकि आम उपभोक्ताओं का 5 हजार से अधिक बकाया होने पर बिजली कनेक्शन काट दिया जाता है।पावर कॉरपोरेशन की ओर से बिजली बिल की बकाया राशि की वसूली को लेकर प्रतिमाह अभियान चलाया जाता है।इसके लिए विभाग द्वारा बडे बकायादारों की सूची तैयार की जाती है।बकायादारों में ब?वाह विधानसभा के 33 विभाग भी शामिल हैं जिन पर 5 करो? से अधिक का बिल बकाया है।इसके बाद भी विभाग द्वारा लगातार कनेक्शन न काटकर महज बिल जारी कर दिया जाता है।जबकिए आम उपभोक्ताओं का बिल 5 हजार से अधिक होने पर कनेक्शन काटने के साथ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी जाती है और समय.समय पर उपभोक्ता के घर जाकर टीम द्वारा बिल जमा करने के लिए दबाव बनाया जाता है।

## ग्राम पंचायतों में सर्वाधिक बकाया

विभागों के बकाया बिजली बिल की जानकारी ली गई तो चौकाने वाले रिपोर्ट आया।बिजली विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत विकासखंड बड़वाह पर सर्वाधिक 4 करो? 60 लाख 63हजार 088 रुपये का बकाया है।इसी के साथ शिक्षा विभाग 18लाख 62 हजार 720 रुपये आदिम जाति कल्याण विभाग4 लाख 32हजार 968 रुपये महिला बाल विकास विभाग 6 लाख 79 हजार 169 रुपयेपुलिस विभाग 1 लाख 4हजार 355 रुपये नर्मदा घाटी विभाग 6लाख 25 हजार 267 रुपये वन विभाग 7 लाख 84 हजार 774 रुपये राजस्व विभाग 2लाख 70हजार 23 रुपये आयुष विभाग1 लाख 71हजार 778 रुपये लोक निर्माण विभाग 100663 नगर पालिका परिषद बड़वाह सनावद विभाग34 लाख 51 हजार 720रुपये का बिजली बिल बकाया है।

## कनेक्शन धारियों को भी नोटिस जारी किया जाएगा

विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री सौरभ साहू ने बताया कि कई शासकीय कार्यालयों पर विद्युत बिल का भुगतान बकाया है।विद्युत विभाग द्वारा शासकीय विभागों के साथ.साथ आम निजी कनेक्शन धारियों को भी नोटिस जारी किया जाएगा जिसके बाद भी बिजली बिल का भुगतान नही किया जाता है तो कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपाइयों को सद्बुद्धि हेतु कांग्रेस ने किया हनुमान चालीसा का पाठ



बड़वाह ~- सत्ता के मद में चूर भाजपा नेताओं की सद्बुद्धि देने की अर्जी लेकर कांग्रेस नेता नगर के एक हनुमान मंदिर में पहुंचे और यहां हनुमान जी पूजा की और मिष्ठान का भोग लगाया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निलेश रोकडिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, युवा नेता त्रिलोक राठौड, किशोर काले, हिम्मत पटेल, मनीष जैन, प्रिंस गौड, सहित आदि ने भाजपाई नेताओं को सद्बुद्धि देने को कामना करते हुए स्थानीय वार्ड वासियों के साथ हनुमान जी की पूजा की प्रसाद चढ़ाकर समवेत स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया के निर्देश पर गुरवा मोहल्ला स्थित धर्मशाला में शाम 7 बजे उक्त आयोजन हुआ।

कार्यक्रम संयोजक तिरलोक राठौर ने बताया कि मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में भाजपा नेताओं की उपस्थिति में भगवान हनुमान जी की मूर्ति के सामने हिन्दू धर्म की आस्था को अपमानित करने वाला और नारी शक्ति को आहत करने वाला आयोजन ÷शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता (बॉडी बिल्डर प्रतियोगिता) में परोसी गई अश्लीलता भगवान राम और नारी शक्ति का घोर अपमान है।भाजपा नेताओं ने हम सबकी आस्था को अपमानित किया है, महिला दिवस के करीब महिला सम्मान सप्ताह में यह महिला शक्ति का अपमान मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी।युवा कांग्रेस कार्यकर्ता किशोर काले और हिम्मत पटेल ने कहा कि भाजपा जहाँ अपने आप को रामभक्त बताती है, वहीं राम के वास्तविक भक्त हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष न केवल अश्लीलता परोसती है, बल्कि प्रतियोगियों द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा को छूते हुए वीडियो दिखाती है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा हिंदू धर्म एवं संस्कृति का मजाक उड़ाया जा रहा है, जो कि बेहद शर्मनाक है। प्रतियोगिता के जान पर भाजपा द्वारा जो अश्लीलता परोसी गई है, उससे पूरे देश में मध्यप्रदेश का सिर शर्म से झुक गया है और मातृशक्ति का अपमान किया गया है। मध्यप्रदेश भर में युवा कांग्रेस द्वारा भाजपा नेताओं की सद्बुद्धि के हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया।

# मध्यभारत की सबसे बड़ी तिरुपति नर्सरी में विलुप्त होते औषधीय पौधों से पहली बार परिचित होंगे नागरिक



बड़वाह. भारतवर्ष की प्राचीन आयुर्वेद चिकित्सा पद्दति के माध्यम से ही जटिल रोगों का सफलतापूर्वक निन्दान किया जाता था।भारत के ऋषि-मुनियों के द्वारा भगवान धन्वतरी द्वारा प्रदत्त इस चिकित्सा पद्दति में पौधों का महत्व सर्वविदित है। प्रकृति ने अनेक वृक्षों व पौधों में औषधीय गुण दिए हैं।भारतीय सनातन परंपरा में विभिन्न वृक्षों व पौधों का पौराणिक, आध्यात्मिक के साथ ही औषधीय महत्व भी है।यही कारण है कि प्राचीन भारत की आयुर्वेद चिकित्सा पद्दति ही दुनिया में प्रथम चिकित्सा पद्दति मानी जाती है।समय के साथ बदलते परिवेश में आधुनिक चिकित्सा पद्दतियों के प्रचलन में आने से आयुर्वेद में प्रचलित अनेक पौधे व वृक्ष, जो अपने औषधीय गुणों के कारण विभिन्न जटिल रोगों की चिकित्सा में कारगर रहते थे, वे विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गए व अनेक पौधों ने प्रदूषित पर्यावरण के कारण अपना अस्तित्व ही खो दिया।विलुप्त होने की कगार पर आ चुके व विलुप्त हो चुके इन औषधीय पौधों से क्षेत्र के नागरिक पहली बार परिचित होंगे। मध्यभारत की सबसे बड़ी नर्सरी मानी जाने वाली तिरुपति नर्सरी द्वारा तीन दिनी पौध प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।14 मार्च से प्रारंभ होने वाली इस प्रदर्शनी में औषधीय गुणों वाले पौधों के साथ ही ज्योतिषीय व वास्तुशास्त्रीय महत्व रखने वाले पौधों से भी नागरिकों को रूबरू कराया जाएगा। इस तरह का आयोजन पहली बार क्षेत्र में होने से नागरिकों में भी इस प्रदर्शनी को लेकर उत्सुकता का वातावरण है। तीन दिनी प्रदर्शनी के संबंध में तिरुपति नर्सरी के संचालक लक्ष्मणसिंह काग ने बताया कि भारतीय सनातन परंपरा में वृक्षों व पौधों का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि विभिन्न तीज-त्योहार व पर्वों पर वृक्षों की पूजा करने का विधान है।वट सावित्री पूर्णिमा व आवला नवमी पर वट व आवला वृक्ष की पूजा की जाती है।इसी प्रकार प्रत्येक परिवार में तुलसीजी की पूजा की जाती है। इसके पौधे लगाए जाते हैं।काग ने बताया कि इसे देखते हुए हमने तीन दिनी प्रदर्शनी का आयोजन रखा है।इसमें ऐसे पौधे नागरिक देख सकेंगे, जो आमतौर पर दिखाई नहीं देते। पौधों व वृक्षों का हमारे जीवन पर सदैव प्रभाव रहता है। इसलिए भारतीय मनीषियों ने नवग्रह वाटिका, पंच वाटिका, नक्षत्र वाटिका की अवधारणा प्रतिपादित की है। काग के अनुसार जन्म नक्षत्र के साथ ही विपरीत ग्रहों को अनुकूल करने के लिए भारतीय ज्योतिष में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाने के लिए निर्देशित किया गया है। नागरिकों को विलुप्त होते इन पौधों के महत्व व जीवन की सुख-शांति व अच्छे स्वास्थ्य में इन पौधों की भूमिका से परिचित कराने के लिए तिरुपति नर्सरी यह अभिनव आयोजन कर रही है।

## वाटिकाओं के लिए सभी पौधे-

तिरुपति नर्सरी के संचालक लक्ष्मणसिंह काग के अनुसार विभिन्न वाटिकाओं में लगाए जाने वाले सभी किस्म के पौधे प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए जाएंगे। इसमें नक्षत्र वाटिका के लिए 27 पौधे, नवग्रह वाटिका के लिए आवश्यक 9 पौधे, तीर्थंकर वाटिका के लिए जैन धर्म के तीर्थंकरों से संबंधित पौधे, राशि वाटिका के लिए 12 किस्म के पौधे, सप्तर्षि वन वाटिका के लिए सात किस्म के पौधे, वास्तुमंडल वाटिका के लिए सभी आवश्यक पौधे, वायुशोधन वाटिका के लिए हवा को शुद्ध रखने वाले पौधों के साथ ही सुगंधित धूप के निर्माण में उपयोग आने वाले पौधे व अन्य वन वाटिकाओं से संबंधित सभी किस्म के पौधे इस प्रदर्शनी में उपलब्ध कराए गए हैं।काग ने बताया कि प्रदर्शनी में 30 प्रकार की वन वाटिकाओं में लगाए जाने वाले सभी किस्म के पौधों से नागरिक परिचित हो सकेंगे। काग ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से क्षेत्र सहित जिलेभर के नागरिक व पर्यावरण प्रेमी भारत की प्राचीनतम आयुर्वेद चिकित्सा पद्दति व छोटे प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक होंगे।काग ने नागरिकों से तीन दिनी इस प्रदर्शनी में शामिल होकर विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुके औषधीय पौधों से परिचित होने का आग्रह किया है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बडवाह जिला खरगोन

क्रमांक /राजस्व / 4240 / 2023 — बडवाह दिनाकं 13-03-2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की निचे लिखे प्रकरण निकाय में हक्क अंतरण हेतु प्राप्त हुए है इस हकांतरण के संबंध में यदि किसी को कोई आपति हो तो वह इस हकांतरण विज्ञप्ति सूचना दिनांक से 30 दिवस में अपनी लेखी आपाती सप्रमाण इस कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करे| इस अवधी में यदि आपति प्राप्त नहीं हुई तो हकांतरण की आगामी कार्यवाही पूर्ण की जावेगी वह इस संबंध में कोई आपति मान्य नहीं होगी सूचित हो

| क्र. | वार्ड क्र. | मोहल्ला | हस्तांतरण कर्ता/विक्रेता | हस्तांतरण/क्रेता | आवेदन दिनांक | भवन/भूमि क्र. | क्षेत्रफल वर्ग फिट/वर्ग मीटर | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | कँवर कॉलोनी | सत्यनारायण पिता शिवाजी पाटीदार | पुरुषोत्तम पिता हजारीलाल साहू | 2/10/2023 | 612 | 1700 sqft | विक्रय पत्र |
| 2 | 10 | भंडारी ग्रीन कॉलोनी | संजय पिता अनोक्चंद | संतोष पिता जगदीश | 2/13/2023 | 28 | 1250sqft | विक्रय पत्र |
| 3 | 17 | मोलाना आजाद मार्ग | रफीका पति शे.रजाक | हिफाजत पिता मो. रसूल शेख | 2/14/2023 | 36 | 600sqft | विक्रय पत्र |
| 4 | 10 | भंडारी ग्रीन कॉलोनी | संजय पिता अनोकचदं | अनिता बाई पति रमेश जैन | 2/10/2023 | 152 | 750sqft | विक्रय पत्र |
| 5 | 7 | कंवर कॉलोनी बाहेती | आनद पिता प्रमोद त्रिवेदी | नीरज पिता पुरुषोत्तम | 2/10/2023 | 42 / 5 | 28.33sqm | विक्रय पत्र |
| 6 | 10 | भंडारी ग्रीन कॉलोनी | संजय पिता अनोकचदं | अनिता बाई पति रमेश जैन एवं गूंजा पिता देवांग जानी | 2/10/2023 | 151 | 750sqft | विक्रय पत्र |
| 7 | 10 | राजेन्द्र उपनगर | भूरीबाई पति कुंजीलाल वर्मा | विष्णु पिता कुंजीलाल | 2/10/2023 | 50 / 2 पेकि | 1608sqft | शपथ पत्र सहमती पत्र |
| 8 | 8 | कँवर कॉलोनी | भूरीबाई पति कुंजीलाल वर्मा एवं सुरेश पिता कुंजीलाल | विष्णु पिता कुंजीलाल | 2/10/2023 | | 450sqft | शपथ पत्र सहमती पत्र |
| 9 | 6 | नन्दा मार्ग | झुरमुल बाई पति पुनाजी | देवराम पिता पुनाजी | 2/8/2023 | 39 | 970.74sqft | शपथ पत्र सहमती पत्र |
| 10 | 10 | भंडारी ग्रीन कॉलोनी | संजय पिता अनोक्चंद | गिरिजा पति दिलीप | 2/9/2023 | 172 | 950sqft | विक्रय पत्र |
| 11 | 5 | पीपल गली | ओमप्रकाश पिता लक्षमण राव | हरीश भाई पंकज पिता गोपाल | 2/8/2023 | 32 | 828sqft | विक्रय पत्र |
| 12 | 7 | विनोबा मार्ग | मांगीलाल पिता गणपत | सीताबाई पति मांगीलाल | 2/8/2023 | 34 / 2 | | शपथ पत्र ,मृत्यु प्रमाण पत्र ,विक्रय पत्र |
| 13 | 7 | बाहेती कालोनी | आनंद पिता प्रमोद | गणेश पिता भाईराम मंडलोई | 2/8/2023 | 41पेकि | 16.26sqft | विक्रय पत्र |
| 14 | 5 | कुम्हार मोहल्ला | रामचदं पिता कन्हैलाल प्रजापत | सोनाबाई पति रमेश | 2/9/2023 | 41 / 1 / 1 | 700.43sqft | शपथ पत्र सहमती पत्र |
| 15 | 5 | कुम्हार मोहल्ला | रामचदं पिता कन्हैलाल प्रजापत | पूजा पति सुशील प्रजापत | 2/9/2023 | 41 / 1 / 1 | 508.94sqft | शपथ पत्र सहमती पत्र |
| 16 | 7 | बाहेती कालोनी | विमलचंद पिता चम्पालाल | सपना पति दीपक | 2/1/2023 | 98 / 3पेकि | 1775sqft | विक्रय पत्र |
| 17 | 7 | बाहेती कालोनी | विमलचंद पिता चम्पालाल | आयुषी पति श्रधेय | 2/1/2023 | 98 / 3पेकि | 1500sqft | विक्रय पत्र |
| 18 | 10 | भंडारी ग्रीन कॉलोनी | दीलिप कुमार पिता अनोक्चंद | मंजू पति कुंदन गुर्जर | 2/6/2023 | 5 | 812sqft | विक्रय पत्र |
| 19 | 4 | हरिजन बस्ती | भिल्या लालचंद | शंकर पिता नत्थू | 1/31/2023 | 107 | 567sqft | विक्रय पत्र |
| 20 | 10 | भंडारी ग्रीन कॉलोनी | संजय पिता अनोकचदं | ग्रेस पिता अमरसिंह | 1/30/2023 | 24 | 1250sqft | विक्रय पत्र |
| 21 | 4 | हरिजन बस्ती | टूटीया लच्छीमाँ | लक्ष्मी बाई पति जगदीश | 1/31/2023 | 92 | 434.72sqft | मृत्यु प्रमाण पत्र / शपथ पत्र |
| 22 | 18 | बजरंग मार्ग | चन्द्रकला पति घनश्याम गुप्ता | संजय पिता घनश्याम गुप्ता | 1/30/2023 | 41 / 6 | 627sqft | शपथ पत्र ,मृत्यु प्रमाण पत्र ,विक्रय पत्र |
| 23 | 10 | भंडारी ग्रीन कॉलोनी | संजय पिता अनोकचदं | सपना बाई पति संदीप सिंह सावनेर | 2/1/2023 | 153 | 750sqft | विक्रय पत्र |
| 24 | 10 | भंडारी ग्रीन कॉलोनी | संजय पिता अनोकचदं | निशा पति मुकेश एवं मुकेश पिता रमेश भालेकर | 3/1/2023 | 135 | 900sqft | विक्रय पत्र |
| 25 | 17 | सैय्यद गली | मकसुद अली पिता फैयाज | नौसाद पिता फैय्याज एवं अरशद पिता नौशाद | 3/2/2023 | 22 | 1348sqft | शपथ पत्र ,मृत्यु प्रमाण पत्र ,विक्रय पत्र |
| 26 | 13 | नर्मदा मार्ग | छोटेलाल पिता केशाजी जाट | संध्या देवी पति राम निवास मंत्री | 2/9/2023 | 27 /1 27/ 2 | 1749.16sqft | विक्रय पत्र |
| 27 | 14 | नर्मदा मार्ग | परसराम पिता नंदराम तिवारी | भालचंद भाई गोवर्धन भाई जोगेंद्र बहन नंदनी बहन शक्ति पिता परशुराम | 2/4/2022 | 67, 67/ 1,35 | | शपथ पत्र ,मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 28 | 7 | कँवर कॉलोनी | सुशील पिता ताराचन्द छाजड | मधुपति नवरतनमल एवं नवरतनमल पिता गोविन्दराम | 16.02.2023 | 36 / 1 | 750 sqft | विक्रय पत्र |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका बडवाह